सरयू मैया तोरी लहर लहरिया रे भजन लिरिक्स

सरयू मैया तोरी,
लहर लहरिया रे,
बिगड़े देश के बना दे,
मैया काम,
यहाँ विपदा है भारी,
प्रजा बड़ी दुखियारी,
फिर से भेज दे बना के राजा राम,
राजा राम राजा राम राजा राम।bd।

आज अयोध्या की गलियों में,
रावण डेरा डाले है,
कितनी सीता छली जा रही,
लोगों के मन काले है,
यारी है मतलब की,
लालच है दौलत की,
बेचे तेरा ही पुजारी तेरा नाम,
यहाँ विपदा है भारी,
प्रजा बड़ी दुखियारी,
फिर से भेज दे बना के राजा राम,
राजा राम राजा राम राजा राम।bd।

भरत लक्ष्मण जैसे भाई,
अरु हनुमत जैसा सेवक,
कौशल्या सी माई कहाँ है,
अब रक्षक बन गए भक्षक,
देखो बिगड़ा है इंसान,
धर्म बन गया हिंसा,
रोवे लेके अयोध्या तेरा नाम,
यहाँ विपदा है भारी,
प्रजा बड़ी दुखियारी,
फिर से भेज दे बना के राजा राम,
राजा राम राजा राम राजा राम।bd।

सरयू मैया तोरी,
लहर लहरिया रे,
बिगड़े देश के बना दे,
मैया काम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के देखने के लिए अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

यहाँ विपदा है भारी,
प्रजा बड़ी दुखियारी,
फिर से भेज दे बना के राजा राम,
राजा राम राजा राम राजा राम।bd।

गायक – मनीष कुमार मानस।
9955017179

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com